द्वादश ज्योर्तिलिंगम् शिव दर्शन झॉंकी, में भजन संध्या का आयोजन

कोरबा 25.02.2017–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में राम जानकी मंदिर बुधवारी बाजार में, भजन संध्या के आयोजन में बहन संध्या द्विवेदी सांई भजन मण्डली, कोरबा के प्रतिष्ठित साधक बलदाउ वैष्णव, रामायण मण्डली के गायक साधराम भाई, नेहा वर्मा के साथ साथ अनेकानेक कलाकारों ने लोगों को शिव आराधना में भाव विभोर कर दिया। दिनांक 26 फरवरी 2017 सायं 4:00 बजे सर्व धर्म स्नेह मिलन में महन्त मिट्ठूदास जी कबीर आश्रम कुसमुण्डा, ज्ञानी जी गुरूद्वारा बाल्को, मों अब्दुल गफ़ार खान बाल्को, अब्दुल वाहिद सिद्धकी, जिला अध्यक्ष जमाते इस्लामी हिन्द कोरबा, फादर हब्बील केथोलिक चर्च कोसाबाड़ी तथा अनेकानेक संत भाग लेगें। त्रि–दिवसीय द्वादश ज्योर्तिलिंगम् शिव दर्शन आध्यात्मिक झॉंकी प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 9:00 तक दर्शन लाभ के लिये खुली रहेगी। नगरवासी कार्यक्रम में सम्मिलित होने तथा झांकी दर्शन के लिये सादर आमंत्रित हैं।

मानवीय सेवा में,

ब्रह्माकुमारी रूकमणी